द्वि-मासिक समाचार पत्र

PRGI NO : HRHIN/26/A4060

यमुना संदेश

राष्ट्रीय समाचार पत्र (हिन्दी)

यमुनानगर से प्रकाशित

समाचार पत्र में खबरें एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें

367-F, PROFESSORCOLONY, YAMUNA NAGAR-135001 (HARYANA) • Mob. 93155-55560, 93557-77739, 93540-00004

मुख्य संपादक : सत्यम नागपाल

वर्ष-01/ अंक 01 , पृष्ठ -04 | यमुनानगर, शनिवार, 15 अगस्त 2026 | Website : yamunasandesh.com | Email: yamunasandesh2@gmail.com | मूल्य : 10.00 प्रति कॉपी



सत्यम नागपाल
मुख्य संपादक

संपादकीय जय हिन्द

नमस्कार।

15 अगस्त हमारे देश के इतिहास का वह गौरवशाली दिन है, जब भारत ने वर्षों की गुलामी की बेड़ियों को तोड़कर स्वतंत्रता का सूर्योदय देखा। यह दिन हमें उन असंख्य वीर स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, तपस्या, संघर्ष और बलिदान की याद दिलाता है, जिन्होंने देश की आज़ादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, चंद्रशेखर आज़ाद और अनगिनत ज्ञात-अज्ञात वीरों के बलिदान के कारण आज हम स्वतंत्र भारत में सांस ले रहे हैं। स्वतंत्रता दिवस हमें केवल आज़ादी का उत्सव मनाने का अवसर नहीं देता, बल्कि यह भी याद दिलाता है कि देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है। आइए, इस पावन राष्ट्रीय पर्व पर हम संकल्प लें कि जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्र से ऊपर उठकर राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखेंगे। अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करते हुए एक सशक्त, समृद्ध, आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान देंगे। देश की आन, बान और शान तिरंगे को नमन करते हुए उन सभी वीर शहीदों को कोटि-कोटि नमन, जिनके बलिदान से हमारा भारत स्वतंत्र हुआ।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एमएसएमई एवं एक्सपोर्ट प्रमोशन पॉलिसी-2026 का किया विमोचन

मेक इन इंडिया– मेक इन हरियाणा को केंद्र बिंदु मान बनी है एमएसएमई पॉलिसी

उद्योगों को प्रोत्साहन के लिए एमएसएमई निदेशालय का गठन

औद्योगिक एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह मुख्यमंत्री को सम्मानित करते हुए।

यमुना संदेश,सत्यम नागपाल :
चंडीगढ़। हरियाणा के विकास के 60 गौरवशाली वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित विशेष कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को करनाल में हरियाणा प्रोग्रेसिव एमएसएमई एवं एक्सपोर्ट प्रमोशन पॉलिसी-2026 का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश के उद्यमियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष श्री हरविंद्र कल्याण, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री श्री राव नरबीर सिंह सहित जनप्रतिनिधि, उद्योग जगत के प्रतिनिधि, एमएसएमई, निर्यातक, वित्तीय संस्थानों एवं उद्योग संघों के प्रतिनिधि तथा हरियाणा और पड़ोसी राज्यों से आए उद्यमी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा अपनी विकास यात्रा के सातवें दशक में प्रवेश कर रहा है। यह अवसर प्रदेश की छह दशकों की विकास यात्रा को याद करने के साथ-साथ भविष्य के लिए नए संकल्प लेने का भी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा ने उद्यमशीलता के बल पर देश की अग्रणी विनिर्माण अर्थव्यवस्थाओं में अपनी पहचान बनाई है और अब प्रदेश को औद्योगिक विकास के अगले चरण की ओर ले जाने की दिशा में सरकार निरंतर कार्य कर रही है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि किसी भी राज्य की वास्तविक ताकत वहां के उद्यमियों से बनती है, जो अपने सपनों को उद्योग, परिश्रम को उत्पादन और साहस को रोजगार में बदलते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि उद्यमियों को ऐसा वातावरण मिले, जहां उन्हें अपने व्यवसाय को स्थापित करने, विस्तार देने और आगे बढ़ाने के लिए विश्वास और बेहतर अवसर प्राप्त हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा प्रोग्रेसिव एमएसएमई एवं एक्सपोर्ट प्रमोशन पॉलिसी-2026 प्रदेश के एमएसएमई क्षेत्र को नई दिशा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। नीति के माध्यम से उद्यमियों के लिए वित्त, औद्योगिक अवसंरचना, तकनीक, निर्यात, कौशल और बाजार तक पहुंच को मजबूत करने पर ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य ऐसा औद्योगिक एवं कारोबारी पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करना है, जहां नवाचार को प्रोत्साहन मिले, नए उद्यम स्थापित हों और रोजगार के अवसरों का विस्तार हो। उन्होंने कहा कि सरकार की सोच है कि उद्योग केवल बड़े शहरों तक सीमित न रहें, बल्कि प्रदेश के हर जिले और हर क्षेत्र की पहचान बनें। अवसरों का लाभ प्रदेश के अंतिम उद्यमी तक पहुंचे और स्थानीय **प्रतिभा एवं संसाधनों को विकास की नई शक्ति में बदला जा सके।** मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा केवल निवेश का केंद्र नहीं, बल्कि नवाचार, रोजगार और विश्वास की राजधानी बने, यही सरकार का संकल्प है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले वर्षों में प्रदेश का कोई भी युवा अवसरों के लिए बाहर जाने की आवश्यकता महसूस नहीं करेगा, बल्कि गर्व से कहेगा कि अवसर भी हरियाणा में हैं और भविष्य भी हरियाणा में है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह नई नीति 'मेक इन इंडिया' और 'मेक इन हरियाणा' को केंद्र में रखकर तैयार की गई है।

मतदाता सूची में नाम छूटने वाले नागरिक 30 अगस्त तक दर्ज कराएं दावे

यमुना संदेश,संजीव ओबराय :
यमुनानगर। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रीति ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के तहत 31 जुलाई -2026 को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की गई है। उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं का नाम पूर्व में मतदाता सूची में दर्ज था, लेकिन 31 जुलाई को प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची में उनका नाम शामिल नहीं है और उन्हें बीएलओ की ओर से नोटिस प्राप्त हुआ है, ऐसे सभी मतदाता आगामी 30 अगस्त 2026 तक संबंधित बीएलओ के पास अपने दावे एवं आपत्तियां दर्ज करवा सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रीति ने बताया कि जिन युवाओं की आयु 1 जुलाई 2026 की आधार तिथि के अनुसार 18 वर्ष पूरी हो चुकी है, ऐसे सभी पात्र युवा भी आगामी 30 अगस्त तक अपने संबंधित

बीएलओ के माध्यम से फॉर्म-6 भरकर मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने के लिए ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं। यदि किसी मतदाता के नाम, पते अथवा अन्य विवरण में किसी प्रकार की त्रुटि है तो संबंधित मतदाता फार्म-8 एवं आवश्यक घोषणा पत्र भरकर अपने विवरण में संशोधन करवा सकता है। उन्होंने पात्र नागरिकों से अपील की कि वे प्रारूप मतदाता सूची में अपना नाम एवं अन्य विवरण अवश्य जांच लें और किसी प्रकार की त्रुटि या आपत्ति होने पर निर्धारित अवधि के दौरान आवश्यक प्रक्रिया पूरी करें। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रीति ने कहा कि निर्वाचन आयोग का उद्देश्य है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे तथा कोई भी अपात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न हो। इसी उद्देश्य से संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नवीन दिशा-निर्देशों तथा तकनीकी प्रक्रियाओं का प्रशिक्षण दिया गया है, ताकि मतदाता सूची के पुनरीक्षण की पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न हो सके। उपायुक्त प्रीति ने कहा कि यदि किसी आवेदक को सुनवाई के संबंध में नोटिस प्राप्त होता है तो वह निर्धारित तिथि पर संबंधित अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष अवश्य रखें, ताकि आवेदन का समयबद्ध एवं निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके।

एपीके फाइलों से हो रही खतरनाक साइबर ठगी : एस.पी. कमलदीप गोयल

सिर्फ एक इंस्टॉल..और उड़ गए लाखों!

यमुना संदेश, शालू नागपाल :
यमुनानगर। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि सोशल मीडिया और मैसेजिंग ऐप्स अब साइबर ठगों के सबसे पसंदीदा हथियार बनते जा रहे हैं। एक क्लिक में कमाई का सपना दिखाकर ठग लोगों को अपने जाल में फंसा रहे हैं। जिले में साइबर अपराध के बढ़ते मामलों को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल आईपीएस ने एक महत्वपूर्ण साइबर एडवाइजरी जारी करते हुए नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी खुद को बैंक

अधिकारी, तकनीकी सहयोगी, कस्टमर केयर एजेंट, या फिर जान पहचान का व्यक्ति बताकर पहले भरोसे में लेते हैं। इसके बाद लोन ऐप, गेम या इनाम के नाम पर एक एपीके फाइल भेजी जाती है, जिसे डाउनलोड करते ही ठगों को पीड़ित के मोबाइल की पूरी पहुंच मिल जाती है। एपीके एंड्रोयड पैकेज किट वह फॉर्मेट है, जिसके माध्यम से एंड्रॉइड डिवाइस में ऐप्स इंस्टॉल किए जाते हैं। जब यह फाइल किसी अज्ञात या संदिग्ध स्रोत से आती है, तो उसमें छिपा मैलवेयर (वायरस) मोबाइल में घुसकर संवेदनशील जानकारी चुरा लेता है। यह वायरस मोबाइल के कैमरा, माइक्रोफोन, गैलरी, कॉन्टैक्ट लिस्ट, बैंक ऐप्स की जानकारी एक्सेस कर लेता है। कई मामलों में साइबर ठग पीड़ित के मोबाइल का रिमोट एक्सेस भी हासिल कर लेते हैं और लाइव निगरानी करते हुए खाते से रकम ट्रांसफर कर देते हैं। अक्सर पीड़ित को तब तक भनक नहीं लगती जब तक उनके खाते से लाखों रुपये साफ नहीं हो जाते। उन्होंने बताया कि हाल ही में राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जहां लोगों को फ्री गेम, इंस्टेंट लोन और ऑनलाइन कमाई जैसे प्रलोभन देकर एपीके फाइल इंस्टॉल करवाई गई और फिर लाखों रुपये की ठगी की गई। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने नागरिकों से अपील की है कि वे डिजिटल दुनिया में सावधानी और समझदारी से कदम बढ़ाएं।

BALRAJ HYDRO INDUSTRIES

आप सब को बलराज हाइड्रो परिवार की ओर से
आप सभी को स्वतंत्रता दिवस, रक्षा बंधन की हार्दिक शुभकामनाएं

Mfrs. & Export of :
Plywood Machine, Hydraculic Press,
Panel Door Plants, Peeling Lathe,
Machine, Knife Grinding Machine etc.

Plywood Veneers Core Dryer Machine

Wood Cutting Chipper Machine Capacity 1 to 10 Ton

Pelling Lath Machine

Fully Automatic Brush Sending Machine

S.S 304 Glue Cattle Capacity 1 To 25 Ton

Address : E-17, Near Poly Plastic Chowk, Industrial Area, Yamuna Nagar (Haryana)
Email: balraj.hydro@yahoo.com
Mob. 93543-10999, 93553-36887

जिला उपायुक्त प्रीति ने ली रोड सेफ्टी को लेकर अधिकारियों की बैठक

बैठक में सड़क सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश

हरियाणा का पैगाम,सत्यम नागपाल :

रोड़ सेफ्टी की बैठक में अधिकारियों की बैठक लेती जिला उपायुक्त प्रीति ।

यमुनानगर। उपायुक्त प्रीति ने जिला स्तरीय रोड सेफ्टी कमेटी की बैठक में जिला की सड़क सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम प्रभावी ढंग से उठाए जाएं तथा सड़क सुरक्षा से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इस बैठक में सड़क एवं यातायात के नियमों पर गहनता से विचार किया गया और सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके व लोगों की जान बचाई जा सकें। उपायुक्त ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए दुर्घटना संभावित स्थानों की पहचान कर वहां आवश्यक सुधार कार्य करवाए जाएं। सड़कों पर यातायात संकेतक, स्पीड ब्रेकर, रिफ्लेक्टर, रोड मार्किंग तथा स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था को दुरुस्त रखा जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षतिग्रस्त सड़कों एवं यातायात व्यवस्था से संबंधित समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई भी की जाए। विशेष रूप से तेज गति, बिना हेलमेट वाहन चलाने, सीट बेल्ट का प्रयोग न करने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने वालों पर निगरानी रखी जाए और ऐसे वाहनों का चालान कर आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाए। उपायुक्त प्रीति ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्कूलों, शिक्षण संस्थानों तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों के आसपास सड़क सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक को यातायात नियमों का पालन कर इसमें अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रोड सेफ्टी से जुड़े सभी कार्यों की नियमित रूप से समीक्षा की जाए और निर्धारित समय सीमा में लंबित कार्यों को पूरा करवाया जाए। उन्होंने कहा कि संबंधी विभाग यह अवश्य सुनिश्चित करें कि उनके विभागों के कारण कोई सड़क दुर्घटना में होने पाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाकर व अमूल्य जिंदगियों को बचाकर अपनी दैनिक ड्यूटी करते समय पुण्य के भागीदार बन सकते है। इसके अतिरिक्त बैठक में सड़क सुरक्षा एवं यातायात सुरक्षा के अनेकों विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने आईएमए के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पीएम राहत योजना के तहत सभी डॉक्टर सहयोग करें।

लघु सचिवालय, एसडीएम कार्यालय लाडवा, पिहोवा, शाहाबाद में 17 अगस्त तक चलेगी प्रदर्शनी :डी.सी. विश्राम कुमार मीणा

यमुना संदेश, लाल सिंह :

कुरुक्षेत्र। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जिला में हर घर तिरंगा अभियान का जन भागीदारी के साथ आगाज हो गया है। यह अभियान 17 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान विभिन्न स्तरों पर कार्यक्रम होंगे। वंदे मातरम गीत का सामूहिक गायन भी होगा और 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस आयोजित होगा। जिला में चार जगहों पर प्रदर्शनी भी लगाई गई है। इनमें लघु सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय, उपमंडल कार्यालय लाडवा, उपमंडल कार्यालय पिहोवा, उपमंडल कार्यालय शाहाबाद शामिल है। उन्होंने कहा कि देश की स्वतंत्रता के प्रतीक हमारे राष्ट्रीय गौरव तिरंगे के प्रति सम्मान प्रकट करने और नागरिकों में देशभक्ति की भावना को और अधिक प्रगाढ़ करने के लिए हर घर तिरंगा अभियान के तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा केवल एक सरकारी या प्रशासनिक आयोजन न होकर एक व्यापक जन-आंदोलन है, जिसका उद्देश्य हर नागरिक के दिल में राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव जगाना है। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान आगामी 17 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन होगा। साथ ही जिला में चार स्थानों पर प्रदर्शनी भी लगेगी, जिसमें आजादी के आंदोलन की झलकियां देखने को मिलेंगी। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने जिला के लोगों से अपील की है कि वे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के साथ हर घर तिरंगा डाट कॉम पोर्टल पर अपनी सेल्फी अपलोड करें। इसके बाद उन्हें डिजिटल प्रमाण पत्र प्राप्त होगा।

अग्रवाल महिला सभा द्वारा सावन महोत्सव का किया गया आयोजित

यमुना संदेश, बल किशन :

यमुनानगर। अग्रवाल महिला सभा द्वारा दावत-ए-प्लाज़ा, यमुनानगर में आयोजित भव्य सावन महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। गरिमामई उपस्थिति मेयर सुमन बहमनी प्रदेश अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा ऋचा पाहवा सुखदा अरोड़ा इंदु सपरा की रही। भक्ति, संगीत, नृत्य और उल्लास से सजे इस सुंदर आयोजन ने सावन की उमंग एवं हमारी समृद्ध भारतीय संस्कृति को बेहद खूबसूरत अंदाज में प्रस्तुत किया। मंच संचालन मनीषा अग्रवाल एवं अपेक्षा गर्ग ने किया। पूनम गर्ग कविता अग्रवाल नीतू सिंघल मनीषा उज्जवल ने गेम्स खिलवाई। भजन जैमिंग की टीम गुरुग्राम से थी पूरे कार्यक्रम में समा बांध दिया। व्यंजन प्रतियोगिता में बहुत सी महिलाओं ने भागीदारी की जिसमें शिल्पा गुप्ता प्रथम सुनीता द्वितीय एवं आईना अग्रवाल तृतीय रही।मुख्य भूमिका सनातन यात्रा से पूजा शिवानी जुनेजा अंजली आशिमा दिव्य टीना मंगला स्नेह निधि संगीता अग्रवाल अरुणा गोयल लीला मस्कारा सारिका गुप्ता सरिता मित्तल की रही। कार्यक्रम में बंपर प्राइज और लक्की ड्रॉ भी निकला गया। कार्यक्रम में राधा-कृष्ण मोर नृत्य, भजन-जैमिंग सहित विभिन्न मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। अग्रवाल महिला सभा की बहनों द्वारा स्नेहिल अपनापन और उत्साह के साथ आयोजित यह कार्यक्रम वास्तव में परंपरा, प्रतिभा और महिला शक्ति का सुंदर संगम रहा। अग्रवाल महिला सभा की समस्त बहनों को इस शानदार आयोजन के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ। भगवान श्री राधा-कृष्ण की कृपा से सावन का यह पावन पर्व सभी के जीवन में प्रेम, आनंद, सुख और समृद्धि के नए रंग भरता रहे।

सोनाली शर्मा ने जलसा मॉडलिंग एंड डांस कॉम्पटीशन में अभिनेत्री मंदाकिनी से हुई सम्मानित

यमुना संदेश, बलविन्द्र सिंह :

कांगड़ा। तहसील बैजनाथ के त्रेहल नागटा गाँव की रहने वाली प्रसिद्ध मॉडल व अभिनेत्री सोनाली शर्मा ने एक बार फिर प्रदेश का नाम रोशन किया है। सोनाली शर्मा को हाल ही में आयोजक गीतू शर्मा द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित जलसा मॉडलिंग एंड डांस कॉम्पटीशन में उनकी कार्य को देखते हुए उन्हें फेमस बॉलीवुड सेलिब्रिटी मंदाकिनी के हाथो से गोल्डन ओवेशन अवॉर्ड 2026 से सम्मानित किया गया।

उपलब्धियों से भरा सफर : सोनाली शर्मा एक प्रोफेशनल मॉडल, अभिनेत्री और ग्रूमिंग ट्रेनर हैं। वे कई पंजाबी, हिंदी और हरियाणवी म्यूजिक वीडियो में अपनी अदाकारी का जलवा बिखेर चुकी हैं। इससे पहले वे वर्ष 2024 में एस के मिस यूनिवर्स इंडिया इंटरनेशनल और वर्ष 2025 एस के मिस एशिया इंडिया इंटरनेशनल का ताज भी अपने नाम कर चुकी हैं।

समाज सेवा और मेंटरशिप : मॉडलिंग के साथ-साथ सोनाली कई फैशन व डांस शो में जज की भूमिका निभा चुकी हैं। उन्होंने कई बच्चों को मॉडलिंग व ग्रूमिंग की ट्रेनिंग दी है। इसके अलावा वे दिव्यांग (विशेष आवश्यकता वाले) बच्चों की ग्रूमिंग और उन्हें निखारने का सराहनीय कार्य भी लगातार कर रही हैं।

सफलता पर सोनाली का संदेश : पुरस्कार मिलने के बाद जब सोनाली शर्मा से बातचीत की गई, तो उन्होंने कहा, अगर मन में सच्ची लगन और दृढ़ संकल्प हो, तो ईश्वर भी आपका साथ देता है और आप अपनी मंज़िल तक ज़रूर पहुँचते हैं। उन्होंने अपनी इस बड़ी सफलता का पूरा श्रेय अपने माता-पिता और अपने मंगेतर के अटूट सहयोग और मार्गदर्शन को दिया।

जेएमआईईटीआई रादौर में विमेन सेल, कलाकृति क्लब द्वारा तीज उत्सव का किया गया आयोजन

यमुना संदेश, बाल किशन :

यमुनानगर। जेएमआईईटीआई रादौर के विमेन सेल एवं कलाकृति क्लब के संयुक्त तत्वावधान में हरियाली तीज के अवसर पर रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं और लोक पर्वों से जोड़ना रहा। कार्यक्रम में छात्राओं एवं महिला स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पारंपरिक परिधानों में तीज पर्व की सुंदर छटा प्रस्तुत की। इस अवसर पर लोकगीत, नृत्य तथा विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा एवं रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम को यादगार बना दिया। परिसर में तीज के पारंपरिक रंग देखने को मिले। छात्राओं ने सावन के लोकगीतों एवं नृत्य के माध्यम से पर्व की खुशी साझा की। विभिन्न गतिविधियों ने सभी प्रतिभागियों में उत्साह और उमंग का संचार किया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. विवेक शर्मा ने सभी को हरियाली तीज की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय त्योहार हमारी समृद्ध संस्कृति एवं परंपराओं के प्रतीक हैं। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने के साथ-साथ आपसी सौहार्द एवं सहयोग की भावना को भी मजबूत करते हैं।विमेन सेल एवं कलाकृति क्लब की शिक्षक समन्वयक सुश्री उपासना सूद, सुश्री पूनम कालरा,सुश्री प्रियंका कंबोज, सुश्री दीपशिखा एवं सुश्री तमन्ना ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। क्लब के सदस्यों ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग दिया। कार्यक्रम का समापन खुशी, उत्साह एवं आपसी सद्भाव के साथ हुआ। जेएमआईईटीआई रादौर परिवार की ओर से सभी को हरियाली तीज की हार्दिक शुभकामनाएं।

जिला परिषद कार्यालय में पंच सम्मेलन कार्यक्रम हुआ आयोजित

यमुना संदेश, नितिन नागपाल :

कार्यक्रम में उपस्थित सरपंचों, ग्राम सचिवों व अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों को वीबी-जी राम जी स्कीम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

कांगड़ा। अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा की अध्यक्षता में जिला परिषद कार्यालय में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन-ग्रामीण स्कीम के तहत जिला पंच सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला परिषद के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी जसविन्द्र सिंह द्वारा अतिरिक्त उपायुक्त को गुलदस्ता भेंट करके स्वागत किया गया। हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान नीलोखेड़ी (करनाल) के निदेशक डॉ. वीरेन्द्र सिंह चौहान द्वारा विडियों कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सम्मेलन में उपस्थित सभी अध्यक्ष, पंचायत समिति, सरपंच, ग्राम सचिव व समस्त जिला व खण्ड स्तरीय वीबी-जी राम जी स्टाफ व अन्य अधिकारीगणों को वीबी-जी राम जी के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और स्कीम के मुख्य उद्देश्यों के बारे में बताया गया। एच.आर.डी. नीलोखेड़ी की ओर से सम्मेलन में उपस्थित रिसोर्स पर्सन श्रीमती महक सैनी द्वारा उन्होंने बताया कि विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार द्वारा विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण अर्थात वीबी-जी राम जी एक्ट 2025 लागू किया गया है। यह व्यवस्था 1 जुलाई 2026 से देश के ग्रामीण क्षेत्रों में लागू हुई है। योजना के तहत पात्र ग्रामीण परिवारों के वयस्क सदस्यों को अकुशल श्रम कार्य करने की इच्छा होने पर प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 125 दिनों के वैधानिक रोजगार की गारंटी प्रदान की गई है। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि वीबी-जी राम जी का मुख्य उद्देश्य केवल ग्रामीण परिवारों को रोजगार उपलब्ध करवाना ही नहीं बल्कि रोजगार के माध्यम से ग्रामीण आजीविका को मजबूत करना, स्थायी परिसंपत्तियों का निर्माण करना तथा गांवों के समग्र एवं सतत विकास को गति देना है। उन्होंने कहा कि मजदूरों को 409/- प्रति दिन की दिहाड़ी दी जा रही है जोकि सभी राज्यों में सर्वाधिक हैं। उन्होंने बताया कि योजना के प्रमुख उद्देश्यों में जल संरक्षण ग्रामीण क्षेत्रों में आवश्यक बुनियादी ढांचे का विकास, आजीविका से संबंधित परिसंपत्तियों का निर्माण तथा अत्यधिक मौसम एवं जलवायु संबंधी परिस्थितियों से निपटने के लिए विशेष कार्य करवाना शामिल है।

अग्रवाल वैश्य महिला संगठन द्वारा मनाया गया तीज महोत्सव

यमुना संदेश, साक्षी ओबराय :

यमुनानगर। महिलाओं का पारंपरिक परिधानों में सज-संवर कर सावन की तीज को मनाने का उत्साह देखते ही बनता था । कार्यक्रम का शुभारंभ अग्रसेन जी महाराज के जय घोष के साथ एक भजन द्वारा किया गया, भजन प्रस्तुति ने सारा माहौल आध्यात्मिक बना दिया था। तत्पश्चात सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। प्रोग्राम डॉक्टर विभा गुप्ता जी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। प्रधान संस्थापक इंदु गुप्ता जी ने संगठन के महत्व को बताते हुए बताया कि इस प्रकार मिलजुल कर त्योहार मनाने से परस्पर प्रेम व सौहार्द बढ़ता है। जून-जुलाई की भयंकर गर्मी के बाद सावन आते ही प्रकृति भी हरियाली के रूप में चारों ओर अपनी छटा बिखेर देती है ऐसा लगता है की शिव भोले एवं पार्वती जी के पुनर्मिलन की खुशी में आकाश भी बारिश के रूप में बरस कर धरती से अपना मिलन कर रहा है। महासचिव अंजु अग्रवाल ने सावन गीत सुनाकर सब का मन मोह लिया। तम्बोला प्रोग्राम, कॉमेडी एक्ट व रैंप वॉक द्वारा मिस तीज घोषित की गई। शहर की सैकड़ों महिलाओं ने स्नैकस व डिनर का

आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

Chetan Advertising

Balwinder Singh
Director
Yamuna Sandes
News Paper

Manish Grover
Journalist, Sirsa

Bal Krishan Aneja
Reporter
Yamuna Nagar

Balwinder Singh
Dera Basi
Journalist

Shivam
Correspondent,
Jagadhri

Anil Arora
Sub Editor Director
Chetan Advertising

Gurmeet Chhatwal
Journalist,
Yamunanagar

एटवोकेट : रीटा खारवा, कानूनी सलाहकार
एटवोकेट : साहब सिंह गुर्जर, कानूनी सलाहकार
एटवोकेट : ललित कुमार, कानूनी सलाहकार
एटवोकेट : संतोष शर्मा, कानूनी सलाहकार

उदित

GAUR MEDICOS
& CLINICAL LABORATORY
97793 99776
98559 95579
Allopathic Medicines,
Ayurvedic & Cosmetic Products
All types of lab tests done here

Ambala-Chandigarh Highway
Gali No. 8, Adarsh Nagar
Dera Bassi, S.A.S. Nagar Mohali

शांतनू

शालू नागपाल

साक्षी ओबरॉय

सभी जिला व प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सभी प्रदेश व देशवासियों
को स्वतंत्रता दिवस
रक्षा बंधन व जन्माष्टमी पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं

सुन्दर प्रताप नारंग
अमर द ज्वैलर्स, यमुनानगर

डी.ए.वी. पुलिस पब्लिक स्कूल, जगाधरी
की ओर से
को स्वतंत्रता दिवस
रक्षा बंधन व जन्माष्टमी पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं

अनूप कुमार चोपड़ा
प्रिंसिपल

आप सभी को
को स्वतंत्रता दिवस
रक्षा बंधन व
जन्माष्टमी पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं

डा. हर्ष कपूर
स्टेट हेड, मध्य प्रदेश

सभी प्रदेश व देशवासियों
को स्वतंत्रता दिवस
रक्षा बंधन व
जन्माष्टमी पर्व
की शुभकामनाएं

चन्द्र कांता
रिवाज ब्यूटिक, मोहाली, पंजाब

सभी प्रदेश व देशवासियों
को स्वतंत्रता दिवस
रक्षा बंधन व
जन्माष्टमी पर्व
की शुभकामनाएं

MANJEET KAUR
Head of Department Fashion Designing PR

Wish You All
A Very
Happy
Independence
Day
Gurmeet Chawla
Junior Jaspal Bhatti
Bollywood Pollywood Actor

LIE ALLOYS P. LTD.
(Formerly Usha Enterprises)
An ISO-9001:2015 Certified Company
Happy Independence Day
Rtn. Vibhor Pahuja
MBA, Director
Manufacturers of :
Royal Industrial Quality
Brass & Copper Sheets, Circles
Strips & Components
Manohar Colony, Jagadhri
Mob. : 94160-21392, 93555-21392, 81680-15452
Email : vibhorpahuja@yahoo.co.in

Wish You All A Very
Happy
Independence
Day

Dr. Surender Kaur
Principal, D.A.V. Girls Collage


आप सभी को
स्वतंत्रता दिवस
रक्षा बंधन की
हार्दिक शुभकामनाएं
Nitin Nagpal
Journalist

GURU NANAK ENGINEERING
We Make All Plywood Machinery
Mfrs. & Fabricators of :
Glue Spreader, Dipping Machine,
Steel Brushing Machine
Brus Sander, Ripsaw machine
Cooling Fan, Glue Mixture
Trolly Tables, Log Rounder,
Planner Machine
Happy Independence Day
Davinder Singh
Vishwakarma Chowk, Yamuna Nagar
Mob. 98967-47126, 90171-10009

NARULA FANCY HANDLOOM

Deals in : Rajai, Tulai, Pillow, Fancy Bed Sheet
& Highlight Curtains, Chanal Blinds, Mattress
Sleepwell, Dreamking, Feel Fresh etc.
Spl. in : Blankets, Comforteres
& Blackout Curtains & All Type Towels

Shop : 10, 11, Ram Lila Ground, Derabassi, Distt. Mohali
Mob. : 93161-02651, 98725-66275, 70094-12034

RAAVYA KAYA

Glow Brightening Cream

Enriched with Koji Acid, Niacinamide, Licorice Extract,
Best for Pigmentation, Dark Spot, uneven Skintone

क्रीम में उपयोग हुए सामग्री के बारे में जानें

निसिनामाईड
कोलेजन की उत्पादन बढ़ाता है और त्वचा में निखार लाता है

कोजिक एसिड
एंटीऑक्सीडेंट गुणों को प्रदर्शित करता है, मेलेनिन उत्पादन को कम करता है

विटामिन-ई
हानिकारक यूवी किरणों से होने वाली लालिमा में सुधार और कमी करता है

अरबुटिन
हाइपर पिगमेंटेशन को कम और काले धब्बे, मुंहासों के निशान को हल्का करता है

आप सभी को स्वतंत्रता दिवस, रक्षा बंधन व जन्माष्टमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

श्री नायब सिंह सैनी, मुख्यमंत्री, हरियाणा
श्री श्याम सिंह राणा, कृषि मंत्री, हरियाणा
श्रीमति सुमन बहमनी, मेयर, यमुनानगर
श्री घनश्याम दास, विधायक, यमुनानगर
श्री अकरम खान, विधायक, जगाधरी
प्रीति, उपायुक्त, यमुनानगर
नवीन आहूजा, अतिरिक्त उपायुक्त, यमुनानगर
श्री कमलदीप गोयल, एस.पी., यमुनानगर
श्री विश्व नाथ, एस.डी.एम., यमुनानगर
श्री कंवरपाल गुर्जर, पूर्व मंत्री, हरियाणा
श्री विश्राम कुमार मीना, उपायुक्त., कुरुक्षेत्र
श्री पीयूष गुप्ता, सी.टी.एम., यमुनानगर
श्री महावीर प्रसाद, उपायुक्त, कुरुक्षेत्र
श्री नितिश अग्रवाल, एस.पी., कुरुक्षेत्र
डा. मनोज कुमार, डी.आई.पी.आर.ओ., यमुनानगर
श्री नरेन्द्र राणा, एस.एच.ओ. यमुनानगर
श्री संजय रावल, जी.एम., हरियाणा रोडवेज यमुनानगर
श्री संदीप कुमार, एस.एच.ओ. ट्रैफिक यमुननगर
स. नरेन्द्र सिंह, डी.आई.पी.आर.ओ., कुरुक्षेत्र

Dr. Geeta Beniwal
B.A.M.S. & INFERTILITY SPECIALIST
ACTUAL AYURVEDA & PANCHKARMA CENTRE
What is Uttar Basti ?
Cure Genito-Urinary Disorders with the helps of medicinal Oils Administered into the Urinary Bladder or Uterus
Uttar Basti Best Infertility Treatment In Females
- Amenorrhea
- Dysuria
- Dysmenorrhea
- PCOS
- Menorrhegia
- Urethral Stricture
- Leucorrhea
- आयुर्वेद से ट्यूबल ब्लॉकेज खत्म करें

Dr. Geeta Beniwal B.A.M.S. & INFERTILITY SPECIALIST
BENEFITS OF UTTAR BASTI
- Result Oriented
- No Side Effect / Painless
- Natural & Effective
- No Invasive

Appointment 99963-90443, 90348-47517
SEC-17, HUDA, JAGADHRI, YAMUNANAGAR

Hotel Ratan
Party Hall & Ac Room
Home Delivery Available Here
Happy Independence Day
Mob. 870816-7455
735700-9409
70157-24350
Opp. Sant Nischal Singh Public School Bye Pass Road, Yamuna Nagar

कांग्रेस पार्टी की ओर से सभी देश व प्रदेश वासियों को स्वतंत्रता दिवस व रक्षा बंधन की हार्दिक शुभकामनाएं
अकाश बत्रा
श्याम सुंदर बत्रा

अग्रवाल वैश्य महिला संगठन, यमुनानगर की ओर से
सभी प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस, रक्षा बंधन व जन्माष्टमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉली बंसल, मोहिनी गुप्ता, ममता गोयल, निशा बंसल, रूचि बंसल, अनु गुप्ता

भाजपा यमुनानगर की ओर से सभी प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस, रक्षा बंधन व जन्माष्टमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
मदन चौहान
बीजेपी हरियाणा प्रदेश मंत्री

सभी जिला व प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस व रक्षा बंधन की हार्दिक शुभकामनाएं
रमन त्यागी
विधानसभा, यमुनानगर

जय भवानी | जय राजपूताना
शक्तिरेव जयते धर्मो रक्षति रक्षितः
अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा-1897
जिला यमुनानगर
सभी प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस रक्षा बंधन व जन्माष्टमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
स्नेह राणा
प्रदेशाध्यक्ष

M. 7015811545
9355009777
Guru Ji
M. 8929540004
@nagpal4645
DREAM CUSTOMS
@dreamcustomsofficial
#361, Block-F, Professor Colony, Ynr.
Bike Modification, Custom Lights, Taping, Stickers, Horns, Led Lights & Car Accessories

सभी प्रदेशवासियों को गणतंत्रता दिवस, रक्षा बंधन व जन्माष्टमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
Dr. Vibha Gupta
Vice President BJP Distt Yamunanagar,
Retd. Principal D.A.V. College,YNR

सुदर्शन फाउंडेशन की ओर से सभी जिला व प्रदेशवासियों स्वतंत्रता दिवस व रक्षा बंधन की शुभकामनाएं
संदीप बजाज
फाउंडर

आप सभी को स्वतंत्रता दिवस, हरियाली तीज, रक्षाबंधन व जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनायें
स्वतंत्रता दिवस | हरियाली तीज | रक्षाबंधन | जन्माष्टमी
रिचा पाहवा
प्रदेशाध्यक्ष
महिला मोर्चा, भाजपा, हरियाणा

ANTI CORRUPTION FRONT
की ओर से आप सभी को
15 अगस्त 2026
स्वतंत्रता दिवस, रक्षा बंधन
श्री कृष्ण जन्माष्टमी
हार्दिक शुभकामनाऐं
SANJEEV OBEROI, NATIONAL PRESIDENT
RAJKUMAR MEHTA, SATYAM NAGPAL, BALVINDER SINGH, ARUN KUMAR, NITIN NAGPAL, KANAV AGGARWAL, KK BALI, SANJAY GONDI

आप सभी को स्वतंत्रता दिवस रक्षा बंधन व जन्माष्टमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
विभोर पहूजा
पार्षद, वार्ड-8, भाजपा

A Project By acorn
HRERA-PKL-YNR-560-202
Residential plots for sale in Yamuna nagar
Plot Sizes : 115-180 Sq.Yd.
The Palm City
RESIDENTIAL HOMETOWN
Call Now: +91 93153-32015

ARYELIA DESIGN STUDIO
Arzoo Bansal
Interior Designer
(IED-Milano)
Designing Spaces. Defining Stories.
Aryelia Design Studio-Architects
SCO-522, First Floor, Sec-20, Panchkula & Mohali-134117
Contact : 7087867846 ♦ Email : aryeliadesigns@gmail.com

Incredible India
Gurmeet Chhatwal Founder
+91-98120-09159
CHHATWAL Tour's & Travels
Enjoy Dream Holiday
Travel | Explore | Discover
1, Patel Market, Model Town, Yamuna Nagar
Ph. : 01732-230899, 230970, 325078
Email : info@chhatwaltours.com
We Make Your Dream Holiday A Reality!

AMAR THE JEWELLERS
All that Glitter is gold here
Sundar Partap Narang
Contact : 93547-70707
हरियाणा का पैगाम के पहले प्रकाशन पर हार्दिक शुभकामनाएं
Address : Near Mobile Mall, Pyara Chowk, Yamuna Nagar

Crompton
LIBERTY SALES
Liberty Sales Corp.
Mob. 98960-48053, 85140-00014

RAJU JEWELLERS
Ram Leela Ground, Dera Basi, Distt. Mohali
Hallmarked Diomond, Gold, Silver Jewellery
Rajiv Verma
Mob. 98783-30007, 98722-33227

स्वामी, मुख्य संपादक सत्यम नागपाल / इम्प्रेशन प्रिंटिंग पैकजिंग लि0, प्लाट नं0 22, फेस-2 पंचकूला, पिन -1341113, हरियाणा से मुद्रित तथा मकान नं0 367, एफ, प्रोफेसर कालोनी, यमुनानगर-135001 हरियाणा से प्रकाशित, मो0 93155-55560